StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30
No. of Printed Pages — 3

# S—97—Science (D & D)

# माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2013

## विज्ञान

## ( SCIENCE )

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. 

| प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|
| 1-8 | 1 |
| 9-14 | 2 |
| 15-24 | 3 |
| 25-30 | 5 |

6. प्रश्न संख्या 25 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

StudentBounty.com



1. विद्युत की सुचालक अघातु का नाम बताइये। 1
2. सबसे कठोर प्राकृतिक पदार्थ कौनसा होता है ? 1
3. ईंधन का प्रमुख स्रोत क्या है ? 1
4. पदार्थ के जलने पर ज्वाला क्यों उत्पन्न होती है ? 1
5. डायनोसोर का कपाल जीवाश्म कहाँ पाया गया था ? 1
6. किस संयोजन में तुल्य प्रतिरोध का मान न्यूनतम होता है ? 1
7. विद्युत एवं चुम्बकत्व के मध्य की खोज किसने की ? 1
8. चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ कहाँ पर अधिक होती हैं ? 1
9. तीसरे आवर्त में बायें से दायें जाने में तत्वों के ऑक्साइडों के किस गुण में क्या परिवर्तन होता है ? 2
10. जीवाश्म किसे कहते हैं ? 2
11. विद्युत प्रतिरोध किसे कहते हैं ? यह किन कारकों पर निर्भर करता है ? 2
12. 12 V विभवान्तर के दो बिन्दुओं के बीच 2C आवेश को ले जाने में कितना कार्य किया जाता है ? 2
13. वन संरक्षण के चार उपाय लिखिए। 2
14. जीवन निर्वाह के आधार पर जीवों को कितने भागों में बाँटा गया है ? नाम लिखिए। 2
15. संक्षारण से आप क्या समझते हैं ? संक्षारण से सुरक्षा करने के दो उपाय लिखिए। 1 + 2
16. एथेनॉइक अम्ल के कोई तीन गुणधर्म लिखिए। 1 + 1 + 1
17. समूह प्रथम के तीन तत्वों के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिए। 1 + 1 + 1
18. मेन्डेलीफ के तत्वों के आवर्त वर्गीकरण की सीमाएँ लिखिए। 3
19. चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं के कोई तीन गुण लिखिए। 1 + 1 + 1
20. चिपको आन्दोलन का प्रमुख कारण क्या था तथा आन्दोलनकारियों ने क्या कार्यवाही की ? 1 + 2
21. स्टेक होल्डर (दावेदार) से आप क्या समझते हैं ? वनों के दावेदार कौन एवं क्यों है ? 1 + 2
22. सौर कुकर से आप क्या समझते हैं ? इसके उपयोग लिखिए। 1 + 2
23. यदि एक पोषी स्तर के सभी जीवों को नष्ट कर दें तो क्या होगा ? 3
24. खाद्य शृंखला से आप क्या समझते हैं ? घास स्थल की खाद्य शृंखला के सदस्यों के नाम लिखिए। 2 + 1

StudentBounty.com



25. गर्म जल का टैंक बनाने में ताँबे का उपयोग होता है परन्तु इस्पात (लोहे) का नहीं। इसका कारण बताइये।

अथवा

आघातवर्ध्य तथा तन्य में अतंर बताइये। 5

26. कोयले तथा पेट्रोलियम का निर्माण विस्तार से समझाइये।

अथवा

विभिन्न हाइड्रोकार्बनों को दहन करने पर क्या होगा ? उदाहरण सहित समझाइए । 5

27. लिंग निर्धारण से आप क्या समझते हैं ? मानव में पुत्र अथवा पुत्री का होना, रेखाचित्र की सहायता से समझाइये।

अथवा

उपार्जित एवं आनुवंशिक लक्षणों से आप क्या समझते हैं ? आप किस प्रयोग के माध्यम से सिद्ध करेंगे कि उपार्जित लक्षण अगली पीढ़ी को वंशानुगत नहीं होते हैं। 5

28. किसी अज्ञात प्रतिरोध के सिरों से 12V की बैटरी संयोजित करने पर परिपथ से 2·5 mA विद्युत धारा प्रवाहित होती है । प्रतिरोधक का प्रतिरोध ज्ञात कीजिए ।

अथवा

176 Ω प्रतिरोध के कितने प्रतिरोधक की पार्श्वक्रम (समान्तर) में संयोजित करें कि 220 V विद्युत स्रोत के संयोजन से 5A विद्युत धारा प्रवाहित हो। 5

29. विद्युत मोटर का नामांकित आरेख खींचिए। इसका सिद्धान्त लिखिए। विद्युत चुम्बक की शक्ति किस पर निर्भर करती है ?

अथवा

विद्युत मोटर एवं विद्युत जनित्र का कार्य लिखिए। दिष्ट धारा एवं प्रत्यावर्ती धारा में कोई दो अन्तर लिखिए। 5

30. पवन चक्की क्या है ? पवन चक्की का चित्र बनाइये। इसकी रचना व उपयोग लिखिए।

अथवा

ऊर्जा के पारंपरिक स्रोत कौन-कौन से हैं ? जल विद्युत संयंत्र का व्यवस्था चित्र बनाते हुए कार्य प्रणाली लिखिए। 5